POLICE COMMISSIONERATE

GAUTAM BUDH NAGAR

सराहनीय कार्य /प्रेस विज्ञप्ति - दिनाकं 27.03.2026

1. थाना बिसरख पुलिस एवं नार्कोटिक्स सेल द्वारा संयुक्त कार्रवाई करते हुए 01 गांजा तस्कर गिरफ्तार, अभियुक्त के कब्जे से लगभग 05 लाख रुपये कीमत का 20 किलोग्राम गांजा व तस्करी में प्रयुक्त एक ऑटो बरामद।

कार्यवाही का विवरण-- दिनांक **27.03.2026** को **थाना बिसरख पुलिस एवं नार्कोटिक्स सेल द्वारा संयुक्त** रूप से कार्रवाई करते हुए गांजा तस्करी करने वाला एक अभियुक्त हफीजर रहमान पुत्र नूर जमाल मियां को मरीना वॉक के सामने स्थित सर्विस रोड पर बने ग्रीन बेल्ट से **गिरफ्तार** किया गया है। अभियुक्त के कब्जे से **20 किलोग्राम गांजा, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 05 लाख रुपये** है, एवं तस्करी में प्रयुक्त ऑटो (रजि0नं0 UP16PT5009) बरामद किया गया है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-- हफीजर रहमान पुत्र नूर जमाल मियां निवासी गांव पिकनिधरा, थाना दिनहटा, कूचबिहार (पश्चिम बंगाल) वर्तमान पता सेक्टर-78, थाना सेक्टर-113, गौतमबुद्धनगर, उम्र लगभग 33 वर्ष।

पंजीकृत अभियोग का विवरण-- मु0अ0सं0- 205/2026 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट, थाना बिसरख, गौतमबुद्धनगर।

बरामदगी का विवरण--

1. 20 किलोग्राम गांजा
2. तस्करी में प्रयुक्त ऑटो (रजि0नं0 UP16PT5009)